विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्रांक संख्या 696/एडमिन ''जी–1''/2020, इलाहाबाद दिनांकित 13.01.2020 द्वारा निर्गत एक बढ़े हुए पद पर परामर्शदाता की नियुक्ति की जानी है, जिसके संबंध में शासनादेश संख्या 102/सात–न्याय–2–2015–728/86 न्याय अनुभाग–2 अधीनस्थ न्यायालय लखनऊ दिनांक 18.06.2015 के द्वारा निम्न अर्हता प्राप्त व्यक्तियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

1– आवेदक समाजशास्त्र या मनोविज्ञान में से किसी एक विषय में स्नातक की डिग्री रखता हो और समाज सेवा का अनुभवी हो, ऐसे आवेदक को जो सामाजिक कार्य में मास्टर डिग्री धारक हो और पारिवारिक काउन्सिलिंग में दो वर्ष का अनुभव रखता हो, उसे वरीयता दी जायेगी।

2– आवेदक की आयु इस विज्ञप्ति के जारी होने के दिनांक को 35 वर्ष से 65 वर्ष के मध्य होनी चाहिए।

3– परामर्शदाता का कार्यकाल 03(तीन) वर्ष का होगा।

4– परामर्शदाता के पद पर नियुक्ति शासकीय सेवा में नियुक्ति नहीं मानी जायेगी और वे न्यायालय से संविदा के आधार पर सम्बद्ध रहेंगे।

5– नियुक्त परामर्शदाता को शासनादेश के अनुसार नियत मानदेय देया होगा।

6– जनपद मुजफ्फरनगर के आवेदकों को नियुक्ति में प्राथमिकता दी जावेगी और जनपद मुजफ्फरनगर के अर्ह आवेदक उपलब्ध न होने या दूसरे जिले के आवेदकों की नियुक्ति पर विचार किया जावेगा।

जो पुरूष अथवा महिला इस पद पर नियुक्त होने के इच्छुक हों वे अपना आवेदन पत्र अपने शैक्षिक एवं अनुभव प्रमाण पत्रों की छायाप्रति सहित दिनांक 27.01.2020 तक प्रशासनिक कार्यालय जनपद न्यायालय, मुजफ्फरनगर में पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से प्रेषित कर सकते हैं।

(संजय कुमार पचौरी)
जनपद न्यायाधीश,
मुजफ्फरनगर।

प्रतिलिपि–

1– प्रभारी अधिकारी (नजारत), जनपद न्यायालय, मुजफ्फरनगर को इस आशय से प्रेषित की वह उक्त आदेश की प्रति प्रशासनिक कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर, बार एसोसिएशन जनपद न्यायालय, मुजफ्फरनगर, बार एसोसिएशन कलेक्ट्रेट व बाह्य न्यायालय बुढ़ाना के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराना सुनिश्चित करें।

2– जिला सूचना अधिकारी, मुजफ्फरनगर को स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।

3– सिस्टम अधिकारी कम्प्यूटर, अनुभाग जनपद न्यायालय, मुजफ्फरनगर को इस आशय से प्रेषित हो कि वे उक्त आदेश की प्रतिलिपि को जनपद न्यायालय, मुजफ्फरनगर व माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

(संजय कुमार पचौरी)
जनपद न्यायाधीश,
मुजफ्फरनगर।

DISTRICT JUDGE
MUZAFFARNAGAR
20/01/2020